# 4 रज्जी का शौक

**पठन से पूर्व**

हर बच्चा अपने-आप में विशेष होता है। हर बच्चे में गुण-दोष होते हैं। बड़े-बड़े महापुरुषों की जीवनी पढ़ने से पता चलता है कि वे भी बचपन में न जाने कितनी शैतानियाँ करते थे! आवश्यकता है, बच्चे की प्रतिभा पहचानकर उसे सही रास्ता सुझाने की। तभी वह भविष्य में उन्नति कर सकता है।

**चर्चा करें**

किसे क्या करने का शौक (hobby) है? पता करें। प्रतिभाएँ बचपन से ही प्रकट होने लगती हैं, इसलिए बच्चों को सही दिशा-निर्देश देकर उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करें।

**जीवन-मूल्य**

जन्मजात प्रतिभा पहचानकर उसे विकसित करना, गुण-दोषों का समभाव, किसी को भी तिरस्कृत न करना और सकारात्मक सोच, समस्या-समाधान, आशावादिता, विनम्रता, लगन तथा सीखना-सिखाना।



एक लड़का था रज्जी। वह बड़ा नटखट और शरारती था। वैसे नाम तो उसका राजेंद्र था, लेकिन प्यार से लोग उसे 'रज्जी' कहकर बुलाते थे।

रज्जी को निशाना लगाना बहुत पसंद था। वह गुल्ली-डंडा और कंचे भी खेलता था। जिस दिन उसके हाथ गुलेल लग जाती, समझो आमों की खैर नहीं। वह चुन-चुनकर पके आमों पर निशाना लगाता और उसके साथी उन्हें बस्ते में भरते जाते।

एक दिन की बात है। बाग का माली उसे पकड़ने दौड़ा। रज्जी ने गुलेल से उस पर निशाना साधकर चला दी— मिट्टी की गोली। गोली उसके कान को हलका-सा छूती हुई



Scanned with CamScanner

'सन्न' से निकल गई। माली डरकर वहीं बैठ गया। रज्जी के दोस्त माकन ने उससे पूछा, "गोली माली को लग जाती तो?"

"लग कैसे जाती, मैंने गुलेल चलाई ही इस ढंग से थी कि गोली उसके बाएँ कान के पास से निकल जाए।" रज्जी ने उत्तर दिया।

**मौखिक प्रश्न**

1. रज्जी का पूरा नाम क्या था?
2. रज्जी को क्या करना बहुत पसंद था?
3. रज्जी ने माली को डराने के लिए क्या किया?

"अरे, डरो मत। अपना रज्जी पक्का निशानेबाज़ है। चलो, आम खाओ।" स्वर्णदीप ने बस्ते से आम निकालते हुए कहा।



एक दिन खेलते हुए बच्चों की गेंद गहरे तालाब में गिर गई। अब क्या हो! रज्जी ने पत्थर के टुकड़ों से ऐसे निशाने लगाए कि गेंद तुरंत तालाब के किनारे लग गई।

सुगंधा उसकी कक्षा में पढ़ती थी। वह अपना काम अच्छी तरह करती थी। रज्जी ने उससे कॉपी माँगी, पर उसने नहीं दी। रज्जी ने मध्यावकाश के समय रबड़ का एक बिच्छू इस तरह से उछाला कि वह सीधा सुगंधा के सिर पर गिरा। वह चीख पड़ी। उधर रज्जी कक्षा से बाहर निकल गया।

रज्जी के इन कारनामों से उसके माता-पिता काफ़ी परेशान थे। रोज़ रज्जी की तरह-तरह की शिकायतें आया करतीं। कभी माली से, कभी पड़ोसी से, कभी स्कूल से। पढ़ाई में भी उसका

**शब्दार्थ**

ढंग = तरीका (way, manner), मध्यावकाश = आधे समय की छुट्टी (recess),
कारनामों से = किए गए कामों से, करतूतों से (due to bad deeds)



Scanned with CamScanner

ध्यान न लगता। उसके माता-पिता को समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें। उन्होंने रज्जी के स्कूल जाकर समाधान ढूँढ़ने का निश्चय किया।

अगले दिन वे स्कूल के प्रधानाचार्य जी के पास पहुँचे। रज्जी के माता-पिता ने उसकी हर रोज़ की शैतानी और निशाना लगाने की सारी बातें उन्हें बताईं। प्रधानाचार्य जी ने रज्जी की कक्षा-अध्यापिका से कुछ बातचीत की। वे कुछ सोचते हुए बोले, "मुझे पूरा विश्वास है कि आज के बाद रज्जी के व्यवहार में बदलाव आएगा। आप उसकी शैतानियों से परेशान नहीं होंगे। मैं समझ गया हूँ कि मुझे क्या करना है। आप निश्चिंत होकर घर जाएँ।"

**मौखिक प्रश्न**

1. गहरे तालाब में बच्चों की गेंद गिरने पर रज्जी ने क्या किया?
2. सुगंधा क्यों चीख पड़ी?
3. रज्जी के माता-पिता स्कूल क्यों गए?
4. प्रधानाचार्य जी ने उनसे क्या कहा?

रज्जी के माता-पिता को थोड़े ही दिनों में उसमें कुछ बदलाव नज़र आया। अब रज्जी न के बराबर शरारतें करता। उसकी कोई शिकायत भी न आती। माता-पिता के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं था। इसका पता लगाने के लिए वे दुबारा विद्यालय गए। प्रधानाचार्य जी से मिले। उन्होंने पूछा, "क्या अभी भी रज्जी की शिकायतें आ रही हैं?"

"नहीं, नहीं सर, हम यही जानने आए हैं कि आपने ऐसा कौन-सा करिश्मा किया कि रज्जी बदला-बदला-सा लगने लगा है?" रज्जी के पिता जी ने विनम्रता से पूछा।

प्रधानाचार्य जी ने कहा, "रज्जी में अच्छी प्रतिभा है सही निशाना लगाने की। हमने उसकी अध्यापिका की सहायता से उस प्रतिभा को पहचाना और रज्जी को विद्यालय की निशानेबाज़ी टीम का 'उप-कप्तान' बना दिया। अब वह मन लगाकर निशाना लगाने का अभ्यास कर रहा है और अपनी टीम के सदस्यों का भी खूब ध्यान रखने लगा है। हमें पूरा विश्वास है कि इस बार अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता की ट्रॉफ़ी हमें ही मिलेगी।"


**शब्दार्थ**

समाधान = हल (solution) व्यवहार = आचरण (behaviour), चमत्कार = आश्चर्यजनक घटना (a miracle), करिश्मा = जादू (magic), विनम्रता = विनय का भाव (politeness), प्रतिभा = हुनर, योग्यता (talent), अंतर-विद्यालयी = विद्यालयों के बीच होने वाली (inter-school)



Scanned with CamScanner

अब तो रज्जी को सब प्यार करने लगे। जो माली आम तोड़ने से मना करता, वह स्वयं ही आम लाकर घर दे जाता। पड़ोसी खुश थे क्योंकि अब वह किसी को सताता न था। उसके मित्र अब रज्जी पर गर्व करने लगे। तो देखा आपने कि कैसे प्रधानाचार्य जी के एक निर्णय ने रज्जी का जीवन सँवार दिया!



## मौखिक प्रश्न

1. रज्जी के माता-पिता को दुबारा स्कूल आए देखकर प्रधानाचार्य जी ने उनसे क्या पूछा?
2. रज्जी की किस प्रतिभा को पहचानकर प्रधानाचार्य ने उसे सही दिशा दी?
3. सब लोग रज्जी से खुश क्यों रहने लगे?
4. किनका निर्णय सही था और कैसे?

**शब्दार्थ**

सँवार दिया = निखार दिया (improved)



Scanned with CamScanner

# अभ्यास

**पाठ-ज्ञान**

Comprehension
- MCQs
- Oral & written expression

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए Tick (✓) the correct answer —**

**(क)** रज्जी कौन-सा काम मन से करता था?

पढ़ना-लिखना ☐ खेलना-कूदना ☐ निशाना लगाना ☑

**(ख)** माली को उसने कैसे डराया?

बिच्छू से ☐ गुलेल चलाकर ☐ मुँह बनाकर ☐

**(ग)** बिच्छू से रज्जी ने किसको डराया?

माकन को ☐ स्वर्णदीप को ☐ सुगंधा को ☐

**(घ)** रज्जी की शिकायतों से परेशान होकर उसके माता-पिता ने क्या किया?

- उसकी खूब पिटाई की ☐
- उसे स्कूल जाने नहीं दिया ☐
- उसके प्रधानाचार्य जी से मिलकर समाधान निकाला ☐

**2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए Answer the Questions —**

**(क)** रज्जी का पूरा नाम क्या था और वह कैसा लड़का था?

.............................................................................................................

.............................................................................................................

**(ख)** रज्जी ने तालाब में गिरी गेंद को कैसे निकाला?

.............................................................................................................

.............................................................................................................

**(ग)** रज्जी के माता-पिता क्यों परेशान थे?

.............................................................................................................

.............................................................................................................



Scanned with CamScanner

**(घ)** अपनी प्रतिभा का उपयोग करने से क्या होगा? *(मूल्यपरक प्रश्न)*

.................................................................................................................

.................................................................................................................

**3. उचित शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए Fill in the blanks with correct word from the brackets —**

**(क)** रज्जी गुल्ली-डंडा और ......कंचे...... भी खेलता था। (क्रिकेट/कंचे)

**(ख)** एक दिन बच्चों की गेंद गहरे .............................. में गिर गई। (कुएँ/तालाब)

**(ग)** रज्जी ने सुगंधा से .............................. माँगी, पर उसने नहीं दी। (किताब/कॉपी)

**(घ)** रज्जी ने सुगंधा के सिर पर रबड़ का एक .............................. उछाला। (बिच्छू/साँप)

**(ङ)** सब लोग अब रज्जी पर .............................. करने लगे। (गर्व/घमंड)



## शब्द-संपदा

Vocabulary building

**1. नीचे दिए गए शब्दों में जो पर्यायवाची शब्द नहीं है, उसके नीचे रेखा खींचिए Underline the word which is not a synonym of the given words —**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **लड़का** | — | बालक | <u>छात्र</u> | बाल |
| **विद्यार्थी** | — | छात्र | शिक्षार्थी | शिक्षक |
| **तालाब** | — | ताल | सुर | सरोवर |
| **विद्यालय** | — | स्कूल | छात्रावास | पाठशाला |
| **अध्यापिका** | — | शिक्षिका | आचार्या | सेविका |



**2. 'अ' लगाकर विलोम शब्द बनाइए Write the opposites (Antonyms) by using letter 'अ' in the beginning —**

विश्वास × ......अविश्वास......

परिचित × ..............................

सहयोग × ..............................

निश्चय × ..............................

निर्णय × ..............................

विनय × ..............................



Scanned with CamScanner

3. बच्चो, जब हम बातचीत करते हैं, तब उसमें अंग्रेज़ी, उर्दू-फ़ारसी के शब्द आ जाते हैं। इन शब्दों को आगत शब्द या विदेशी शब्द कहते हैं, जैसे— स्कूल।

अब आप पाठ में से कुछ आगत शब्द छाँटकर लिखिए—

.......................................................................................................

.......................................................................................................

4. शब्दों को शुद्ध उच्चारण में बोल-बोलकर पढ़िए Read aloud the following words with correct pronunciation —

| | | | |
|---|---|---|---|
| ज़ | रोज़ | नज़र | निशानेबाज़ |
| फ़ | काफ़ी | ट्रॉफ़ी | माफ़ी |
| ड़ | रबड़ | पड़ोसी | टुकड़ा |
| ढ़ | पढ़ाई | ढूँढ़ना | चढ़ना |

## भाषा-बोध

**Grammar Skills**

1. 'र' के अलग-अलग रूपों ( ्र ) ( र्‍ ) और ( ्र ) का प्रयोग करते हुए दिए गए शब्दों को सही जगह में लिखिए Use different forms of 'र' ( ्र ), ( र्‍ ) and ( ्र ) in the right places and write them in appropriate columns —

राजेंद्र, चर्चा, ट्रॉफ़ी, स्वणदीप, डाइवर, पतिभा, डामा, पतियोगिता, गव

| ( ्र ) | ( र्‍ ) | ( ्र ) |
|---|---|---|
| राजेंद्र | चर्चा | ट्रॉफ़ी |
| ........ | ........ | ........ |
| ........ | ........ | ........ |

2. 'है' या 'हैं' लगाकर वाक्य पूरे कीजिए Complete the sentences using the words "है / हैं" —

(क) एक दिन की बात ...है... ।

(ख) रज्जी में एक अच्छी प्रतिभा ........ ।



Scanned with CamScanner

(ग) उसके पिता जी शिकायत लेकर आए .......... ।

(घ) मुझे पूरा विश्वास .......... कि आज के बाद रज्जी के व्यवहार में बदलाव आएगा।

(ङ) क्या अब भी उसकी शिकायतें आ रही .......... ?

## श्रवण/वाचन-कौशल का विकास

**Listening/Speaking Skills**

**आप पढ़ाई-लिखाई के अलावा और कौन-सा काम बहुत अच्छी तरह से कर सकते हैं, जिससे दूसरों को भी कुछ फ़ायदा हो? उस काम के बारे में कक्षा में अपने सभी दोस्तों को बताइए। फिर उनकी प्रतिक्रिया सुनिए Besides studies, what can you do to help others? Discuss with classmates.**

## आपकी कलम से

**Creative Expression**
- Making sentences
- Pasting

**आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं? वह बनकर आप लोगों के लिए क्या कर सकते हैं? चार से पाँच वाक्य लिखिए। चित्र भी चिपकाइए What do you want to be in life? How will you help others then?—**

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

## खेल-खेल में

**Creative Activity**
- Scrapbook making
- Collecting data

**आपको कौन-सा खेल खेलना अच्छा लगता है? उस खेल के प्रसिद्ध खिलाड़ियों के चित्र एकत्र कर अपनी स्क्रैपबुक में चिपकाइए। उनके विषय में अतिरिक्त जानकारी भी प्राप्त कीजिए Which game do you like most? Paste pictures of famous players in your scrapbook. Gather facts about them.**



Scanned with CamScanner

# 5 बादल

**पठन से पूर्व**


वैसे तो ऋतुएँ छह होती हैं। परंतु हमारे जीवन पर तीन ऋतुओं — सरदी, गरमी, बरसात का विशेष प्रभाव पड़ता है। बरसात में बादलों के छाने और फिर बरसने से चारों ओर का दृश्य मनमोहक हो उठता है।

**चर्चा करें**

आसमान में बादलों को देखकर सबका मन प्रसन्न क्यों हो जाता है ? केवल मनुष्य ही नहीं, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी सब मानो बादल देखकर नया जीवन पा जाते हैं। मेढक का टर्राना, मोर का नाचना — ये सब हृदय का उल्लास प्रकट करते हैं।

**जीवन-मूल्य**

वैज्ञानिक दृष्टिकोण होना, प्रकृति-प्रेम, सराहना तथा आनंदप्राप्ति।



काले-काले,
पानी वाले,
आसमान में बादल छाए
कैसे बादल आकर छाए ?

हवा पकड़कर,
लाती सर-सर,
छाए जैसे काले कंबल
लगते कितने सुंदर बादल !

पेड़ों जैसे,
भेड़ों जैसे,
लगते जैसे चलते घोड़े
बन जाते हाथी के जोड़े।

नन्हे जल-कण
गए भाप बन,
उसी भाप से ठंडक पाई
बादल बरसे, बरखा आई।

करते गड़-गड़
बातें बढ़-बढ़,
बिजली बादल को चमकाए
अँधियारे में राह दिखाए।

मोर मगन मन
छनन-छनन-छन,
झूम-झूमकर नाच दिखाए
बादल खुश हो गाना गाए।

— डॉ. श्रीप्रसाद

### मौखिक प्रश्न

1. कौन 'गड़-गड़' कर रहा है?
2. बादल को कौन चमकाता है?
3. मोर खुश क्यों हो जाता है?
4. खुश होकर मोर क्या करता है?





### शब्दार्थ

नन्हे = छोटे (small, tiny), जल-कण = पानी की बूँदें (drops of water), भाप = वाष्प, पानी उबलने से जो भाप निकलती है (vapour), गड़-गड़ = बादल गरजने की आवाज़ (thunder of the clouds), अँधियारे में = अँधेरे में (in the darkness), मगन मन = खुशी में डूबा हुआ मन (a happy state of mind)



Scanned with CamScanner

# अभ्यास

## कविता-ज्ञान

Comprehension
- MCQs
- Oral & written expression

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए Tick (✓) the correct answer —**

(क) आसमान में कैसे बादल आकर छाए?

काले-काले पानीवाले ☑ भूरे डरावने ☐ सुंदर-सफ़ेद, बिना पानी के ☐

(ख) नन्हे जल-कण क्या बन गए?

तालाब-पोखर ☐ सागर ☐ भाप ☐

(ग) अँधेरे में राह कौन दिखाता है?

बादल ☐ बिजली ☐ बारिश ☐

(घ) कौन मगन मन होकर नाचता है?

मोर ☐ मोरनी ☐ बच्चे ☐

(ङ) ये बादल कैसे लगते हैं?

अलग-अलग पशुओं जैसे ☐ पेड़ों जैसे ☐ दोनों ही ☐

**2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए Answer the Questions —**

(क) बादलों को कौन पकड़कर लाता है?

.....................................................................................................

(ख) कवि को ये बादल कैसे-कैसे लगते हैं?

.....................................................................................................

.....................................................................................................

(ग) बादल में जल की बूँदें कहाँ से आती हैं?

.....................................................................................................



Scanned with CamScanner

(घ) बादलों को गरजते देखकर मोर क्या करता है?

.................................................................................

.................................................................................

(ङ) यदि बारिश न आए, तो क्या होगा? *(मूल्यपरक प्रश्न)*

.................................................................................

.................................................................................

3. **कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए Complete the poem —**

(क) काले-काले,

..........................................,

आसमान में ..............................

कैसे .............................. छाए?



(ख) करते ..............................

..........................................,

बिजली .............................. चमकाए

.............................................. दिखाए।



मोर ..............................

छनन ..............................,

झूम ..............................

..........................................।




## शब्द-संपदा

Vocabulary building

1. **नीचे दिए गए शब्दों में जो पर्यायवाची शब्द नहीं है, उस पर गोला ○ लगाइए— Encircle the word which is not a synonym of the given words —**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **बादल** | — | मेघ | बारिश | जलधर |
| **पानी** | — | जल | नीर | भाप |
| **पेड़** | — | धरा | वृक्ष | तरु |
| **घोड़ा** | — | अश्व | भूपति | तुरंग |
| **हाथी** | — | गज | कुंजर | विहग |



**2. विलोम शब्द जोड़िए Match the opposites (Antonyms) —**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अँधियारा | धरती | नन्हा | सफ़ेद |
| आसमान | कुरूप | खुश | बड़ा |
| सुंदर | उजियारा | काला | उदास |

**3. दिए गए शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखिए Write the rhyming words —**

| | |
|---|---|
| काले — ......वाले...... | जलकण — .................. |
| मगन मन — .................. | कंबल — .................. |
| पाई — .................. | गड़-गड़ — .................. |
| घोड़े — .................. | चमकाए — .................. |

**4. श्रुतलेख लिखिए Listen and write —**

ठंडक सुंदर कंबल अँधियारा नन्हे जलकण पकड़कर



## भाषा-बोध

Grammar Skills

**1. सही जगह पर अनुस्वार ( ं ) या चंद्रबिंदु ( ँ ) लगाकर शब्द बनाइए Make words with the correct usage of ( ं ) or ( ँ )—**

आँख, धुआ, कबल, मदिर, कुआ, अधेरा, ठडक, सुदर, अधियारा, चाद

***अनुस्वार*** ( ं ) वाले शब्द — ..........................................................................

***चंद्रबिंदु*** ( ँ ) वाले शब्द — ..........................................................................

**2. ध्वनिबोधक शब्द लिखिए Write sound words —**

| | |
|---|---|
| बादल — ......गड़-गड़...... | घोड़ा — ......हिनहिनाना...... |
| बिजली — .................. | हाथी — .................. |
| बारिश — .................. | शेर — .................. |
| नदी — .................. | गधा — .................. |
| हवा — .................. | गाय — .................. |



Scanned with CamScanner

3. **संज्ञा शब्दों के लिए दो-दो विशेषण लिखिए Write two adjectives for each noun —**



.................... , .................... बादल

.................... , .................... मोर

.................... , .................... पेड़

.................... , .................... हवा

.................... , .................... आसमान

4. **शब्दों से वाक्य बनाइए Make Sentences —**

(क) जल-कण — ....................

(ख) भाप — ....................

(ग) आसमान — ....................

(घ) बरखा — ....................

(ङ) बिजली — ....................



## श्रवण/वाचन-कौशल का विकास

Listening/Speaking Skills

**बादलों के बीच चमकती हुई बिजली का अनोखा रूप तो सबने देखा है, किंतु क्या आपने इंद्रधनुष (rainbow) देखा है? इंद्रधनुष बनता कैसे है? क्या आपको पता है कि इंद्रधनुष के मनमोहक सात रंग कहाँ से आते हैं! अपनी विज्ञान की अध्यापिका से सुनिए। इंद्रधनुष के बारे में कक्षा में बातचीत कीजिए Have you seen 'The Rainbow' in the sky? How is it formed? From where do the seven beautiful colours come? Ask your science teacher. Discuss in the class.**



Scanned with CamScanner

## आपकी कलम से

**Creative Expression**
- Picture reading
- Making sentences

**चित्र में दिखाई वस्तुओं या प्राणियों के बारे में पाँच से छह वाक्य लिखिए Write five to six sentences about the picture shown —**

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................



..................................................................

..................................................................

..................................................................

## खेल-खेल में

**Creative Activity**
- Chart making
- Colouring

**कवि को बादलों में कई रूप दिखाई दिए। आपको बादलों में क्या-क्या दिखाई देता है ? चार्ट पर आकृतियाँ बनाकर रंग भरिए The poet has seen various forms in the clouds. What are the things you can see in them. Make a chart and colour it.**



Scanned with CamScanner

# 6 चाँद और सूरज

**पठन से पूर्व**

जब हम चाँद-सूरज की बात करते हैं, तो सबसे पहले अपनी धरती का खयाल आता है। धरती एक ग्रह है, जो सूरज की परिक्रमा करता है, तो चाँद एक उपग्रह है, जो धरती की परिक्रमा करता है। इस ब्रह्मांड में और भी अनेक ग्रह, उपग्रह तथा नक्षत्र हैं।

**चर्चा करें**

अपने सौरमंडल (solar system) की चर्चा करें। पूर्णिमा-अमावस्या के बारे में बच्चों से बातचीत करें। हमारी पृथ्वी के निवासी अब अन्य ग्रहों पर जाने की योजनाएँ बना रहे हैं। किन ग्रहों पर पानी उपलब्ध है— इसकी खोज जारी है ताकि भविष्य में मनुष्य वहाँ बस सके!

**जीवन-मूल्य**

वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सौरमंडल के विषय में जिज्ञासा उत्पन्न करना, ज्ञान-प्राप्ति, प्राकृतिक सौंदर्य तथा अवलोकन क्षमता का विकास।

गरमियों के दिन थे। अनुज और ईशा टी.वी. देख रहे थे। हर शाम आठ बजे उनका मनपसंद कार्यक्रम आता है, जिसे देखकर वे बहुत प्रसन्न होते हैं। वे कार्यक्रम देख ही रहे थे कि अचानक बिजली चली गई। दोनों बहुत उदास हुए। गरमी बहुत थी, इसलिए दोनों छत पर जाकर बैठ गए। छत खुली थी। मंद-मंद चल रही थी। ऊपर आकर दोनों को अच्छा तो लगा, पर अभी भी वे चाहते थे कि बिजली आ जाए और वे अपना कार्यक्रम देख सकें। दोनों मुँह लटकाए बैठे थे। उनकी बराबर वाली छत पर रोहित भैया टहल रहे थे। दोनों का मुँह लटका देख वे बोले, "क्या बात है भाई, दोनों उदास क्यों हो?"



**मौखिक प्रश्न**

1. कौन टी. वी. देख रहे थे?
2. वे उदास क्यों हो गए?
3. बराबर वाली छत पर कौन टहल रहा था?

**शब्दार्थ**

कार्यक्रम = प्रोग्राम (programme), प्रसन्न = खुश (happy), उदास = दुखी (sad), मंद-मंद = हलकी-हलकी, धीमी-धीमी (gentle, slowly), मुँह लटकाना = उदास होना (to be sad)



Scanned with CamScanner

"हाँ, बिजली जो चली गई," अनुज बोला।

"तो क्या हुआ, यह तो होता ही रहता है!" रोहित भैया बोले।

"पर हमारा तो मनपसंद कार्यक्रम निकल गया!" ईशा ने कहा।

"कोई बात नहीं। आज कुछ और देख लो!" रोहित भैया बोले।



"क्या देखें?" अनुज बोला।

"अरे, ऊपर तो देखो!" रोहित भैया बोले।

"वाह! चाँद और तारे कितने चमक रहे हैं, पर रोज़ तो चाँद इतना नहीं चमकता! आज यह इतना क्यों चमक रहा है, भैया?" अनुज ने पूछा।

**मौखिक प्रश्न**

1. कुछ और देखने के लिए किसने कहा?
2. बच्चों ने ऊपर क्या देखा?
3. अमावस्या की रात को क्या होता है?
4. चाँद के बारे में रोहित भैया ने क्या बताया?

"आज पूर्णिमा जो है, इसलिए यह इतना चमक रहा है। अमावस्या की रात तो बिलकुल अँधेरी होती है। उस रात चाँद नहीं निकलता," रोहित भैया बोले।

ईशा ने रोहित भैया से कहा, "चाँद के बारे में कुछ और बताइए न!"

रोहित भैया बोले, "चाँद हमारी धरती के चारों ओर चक्कर लगाता है। धरती से कुछ लोग रॉकेट में बैठकर चाँद पर गए। वहाँ का नज़ारा देखकर वे खुशी से उछल पड़े। चाँद

**शब्दार्थ**

पूर्णिमा = जिस रात आकाश में पूरा चाँद निकलता है (full moon), अमावस्या = जिस रात चाँद दिखाई नहीं देता (the night in which the moon totally disappears), अँधेरी = अंधकार (darkness), नज़ारा = दृश्य (view)



Scanned with CamScanner

पर बड़ी-बड़ी चट्टानें और गड्ढे हैं। वे लोग वहाँ से मिट्टी और चट्टानों के नमूने धरती पर लेकर आए।"

"पर भैया, चाँद में इतनी चमक कहाँ से आती है?" अनुज ने पूछा।

रोहित भैया बोले, "चाँद को सूरज से प्रकाश मिलता है। हमारी धरती को भी वही प्रकाश देता है। चाँद के पास अपना प्रकाश नहीं होता।"

"लेकिन सूरज को यह प्रकाश कहाँ से मिलता है?" ईशा ने पूछा।

"सूरज एक तारा है। उसके पास अपना प्रकाश है। आसमान में जो तारे चमचमा रहे हैं, सब हमारे सूरज की ही तरह हैं। इनमें से कई तारे तो सूरज से भी बड़े हैं। ये हमसे बहुत दूर हैं, इसलिए छोटे दिखाई देते हैं।" रोहित भैया ने बताया।



अनुज और ईशा बड़े ध्यान से रोहित भैया की बातें सुन रहे थे। तभी उनके क्षेत्र की बिजली आ गई। दोनों उठे और रोहित भैया को "बाय-बाय" कहकर छत से नीचे उतर आए। पर आज वे खुश थे क्योंकि रोहित भैया ने इतनी अच्छी जानकारी जो दी थी!

### मौखिक प्रश्न

1. हमारी धरती को प्रकाश कहाँ से मिलता है?
2. सूरज को प्रकाश कहाँ से मिलता है?
3. रोहित भैया की बातें कौन ध्यान से सुन रहे थे?

**शब्दार्थ**

प्रकाश = रोशनी (light), तारा = सितारा, नक्षत्र (star), क्षेत्र = इलाका (area)



Scanned with CamScanner

# अभ्यास

## पाठ-ज्ञान

Comprehension
- MCQs
- Oral & written expression

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए Tick ( ✓ ) the correct answer —**

(क) अनुज और ईशा उदास क्यों हो गए?
- अचानक बिजली चली गई ☐
- अपना मनपसंद प्रोग्राम नहीं देख पाए ☐
- दोनों ही बातें ☑

(ख) अनुज और ईशा का पड़ोसी कौन था?

रोहित ☐ सुनील ☐ मोहित ☐

(ग) चाँद किस रात सबसे अधिक चमकता है?

अमावस्या को ☐ पूर्णिमा को ☐ अँधेरी रात को ☐

(घ) धरती से कुछ लोग चाँद पर कैसे गए?

हवाई जहाज़ से ☐ रॉकेट से ☐ मेट्रो से ☐

(ङ) चाँद में इतनी चमक कहाँ से आती है?

सूरज से ☐ धरती से ☐ अन्य तारों से ☐

**2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए Answer the Questions —**

(क) अनुज और ईशा छत पर जाकर क्यों बैठ गए?

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ख) उस रात चाँद अधिक क्यों चमक रहा था?

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................



Scanned with CamScanner

(ग) सूरज क्या है और हमें तारों का आकार छोटा क्यों दिखाई देता है?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

(घ) चाँद, सूरज और तारों के बारे में जानना क्यों ज़रूरी है? *(मूल्यपरक प्रश्न)*

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**3. किसने कहा? सोचकर लिखिए Who said this? Think and Answer —**

(क) "पर हमारा तो मनपसंद कार्यक्रम निकल गया!" ........ ईशा ने कहा

(ख) "वाह! चाँद और तारे कितने चमक रहे हैं।" ..............................

(ग) "कोई बात नहीं। आज कुछ और देख लो!" ..............................

(घ) "चाँद को सूरज से प्रकाश मिलता है।" ..............................

(ङ) "लेकिन सूरज को यह प्रकाश कहाँ से मिलता है?" ..............................

## शब्द-संपदा

Vocabulary building

**1. नीचे लिखे पर्यायवाची शब्दों को ध्यान से पढ़िए और याद कीजिए Read the following synonyms and memorize —**

**शाम** — संध्या, साँझ, सायंकाल

**चाँद** — चंद्रमा, शशि, राकेश

**सूरज** — सूर्य, रवि, दिनकर

तारा — नक्षत्र, सितारा, तारक

धरती — पृथ्वी, धरा, वसुधा

प्रकाश — रोशनी, उजाला, ज्योति

**2. विलोम शब्द लिखिए Write the opposites (Antonyms) —**

| | |
|---|---|
| प्रकाश × अंधकार | प्रसन्न × .................. |
| पूर्णिमा × .................. | गरमी × .................. |
| ऊपर × .................. | अच्छी × .................. |
| एक × .................. | धरती × .................. |



Scanned with CamScanner

**3. जो शुद्ध हैं, उन पर ◯ लगाइए Encircle the correct words —**

| | | |
|---|---|---|
| आमवस्या | अमावस्या | अमावसया |
| अँधेरी | अंधेरी | अंघेरी |
| परकाश | पर्काश | प्रकाश |
| पूर्णिमा | पूर्निमा | पूर्नीमा |
| शेत्र | क्षेत्र | सेत्र |

**4. श्रुतलेख लिखिए Listen and write —**

कार्यक्रम  पूर्णिमा  अमावस्या  अँधेरी  प्रकाश  ध्यान  प्रसन्न  गड्ढे



## भाषा-बोध

Grammar Skills

**1. नीचे लिखे वाक्यों से विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखिए Find the nouns and adjectives in each sentence —**

| | ***विशेष्य*** | ***विशेषण*** |
|---|---|---|
| (क) चाँद पर बड़ी-बड़ी चट्टानें और गड्ढे हैं। | चट्टानें और गड्ढे | बड़ी-बड़ी |
| (ख) हमारा तो मनपसंद कार्यक्रम निकल गया। | ............ | ............ |
| (ग) मंद-मंद हवा चल रही थी। | ............ | ............ |
| (घ) अमावस्या की रात अँधेरी होती है। | ............ | ............ |

**2. सही स्थान पर अनुस्वार (ं) या चंद्रबिंदु (ँ) लगाकर शब्द बनाइए Use the correct sign (ं) or (ँ) to make words —**

| | | |
|---|---|---|
| मुँह | चाद | अधेरी |
| मद | गरमियो | मनपसद |
| चट्टाने | कहा | क्योकि |



Scanned with CamScanner

3. **वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए Put the correct punctuation marks in the given sentences —**

। “ ” ? , !

(क) अनुज और ईशा टी. वी. देख रहे थे।



(ख) पर भैया चाँद पर इतनी चमक कहाँ से आती है

(ग) लेकिन सूरज को यह प्रकाश कहाँ से मिलता है

(घ) ईशा ने रोहित भैया से कहा चाँद के बारे में कुछ और बताइए न

(ङ) अमावस्या की रात अँधेरी क्यों होती है

4. **धरती से कुछ लोग रॉकेट में बैठकर चाँद पर गए। वहाँ का नज़ारा देखकर वे खुशी से उछल पड़े। 'खुशी से उछल पड़े' — अर्थात बहुत खुश हुए। अब आप 'खुशी' से मिलते-जुलते अर्थ वाले नीचे दिए गए मुहावरों से वाक्य बनाइए Make sentences of the idioms given below —**

(क) चेहरा खिल उठना — ..........................................

(ख) फूला न समाना — ..........................................

(ग) दिल बाग-बाग होना — ..........................................

(घ) मन में लड्डू फूटना — ..........................................

(ङ) घी के दिए जलाना — ..........................................



## श्रवण/वाचन-कौशल का विकास

Listening/Speaking Skills

**रामधारी सिंह 'दिनकर' की प्रसिद्ध कविता 'चाँद का कुरता' अपनी माँ या अध्यापिका से सुनिए। फिर कक्षा में हाव-भाव सहित सुनाइए Listen to your mother or teacher, read the poem "Chand ka Kurta". Then recite in class with proper expressions and actions.**



Scanned with CamScanner

## आपकी कलम से

**Creative Expression**
- Narrating
- Observation
- Making sentences

**अगर आपको कभी चाँद पर जाने का मौका मिले, तो आप क्या-क्या तैयारियाँ करेंगे? आपको कैसा अनुभव होगा? पाँच से छह वाक्यों में लिखिए What preparations would you make, if you get a chance to go on the moon? Write your experience in five to six sentences —**



## खेल-खेल में

**Creative Activities**
- Scrapbook pasting
- Making sentences
- Collecting data

1. **हमारे देश के प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्रियों राकेश शर्मा और कल्पना चावला के चित्र अपनी स्क्रैपबुक में चिपकाकर उनके बारे में चार-पाँच वाक्य लिखिए Paste the pictures of our famous Indian astronauts Rakesh Sharma and Kalpana Chawla in your scrapbook. Write four to five sentences for each.**

2. **भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने स्पेस स्टेशन में काफ़ी दिन बिताए थे। भारत आकर उन्होंने अपने अनुभव बाँटे। अंतरिक्ष में उन्होंने क्या-क्या किया— इंटरनेट से जानकारी प्राप्त कीजिए Gather some facts about Sunita Williams from the internet.**



Scanned with CamScanner


# अनोखी उड़ान

Reading is fun

भारतीवन में गोलू हाथी और चीनू चूहा साथ-साथ रहते थे। दोनों आपस में खूब लड़ते-झगड़ते, फिर एक हो जाते। उनमें गहरी मित्रता थी। एक दिन वे दोनों अनजाने ही किसी स्पेस-यान में घुस गए—




अचानक यान स्पेस की ओर उड़ चला...




बीच सफ़र में यान का दरवाज़ा खुला।
दोनों 'धड़ाम' से बाहर आ गिरे—










Scanned with CamScanner

तभी चीनू चूहे ने गोलू हाथी को
पूँछ से पकड़कर घुमाया...








शेर खान धरती से गोलू और चीनू को देख रहे थे।









Scanned with CamScanner

# 7 नसीहत

**पठन से पूर्व**


खाने-पीने के मामले में बच्चे-बड़े सब आनाकानी करते हैं, लेकिन यह अच्छी आदत नहीं। समय पर संतुलित भोजन लेने के कई लाभ हैं— हममें ऊर्जा बनी रहेगी, हम नीरोग रहेंगे तथा सब काम ठीक ढंग से कर पाएँगे।

**चर्चा करें**

संतुलित भोजन (balanced diet) के बारे में कक्षा में बातचीत करें। फ़ास्ट फ़ूड खाने के रुझान को धीरे-धीरे कम करके घर पर बने पौष्टिक व्यंजन खाने पर विशेष बल दें।

**जीवन-मूल्य**

पौष्टिक एवं संतुलित भोजन खाने की प्रेरणा देना, स्वस्थ जीवन-शैली, बड़ों की बात मानना, अपनी गलती स्वीकार करना तथा समस्या-समाधान।



गुवाहाटी शहर में पान बाज़ार के पास दो बहनें रहती थीं— फ़ाज़बी और बेमबेम। फ़ाज़बी और बेमबेम जुड़वाँ बहनें थीं। वे चौथी कक्षा में पढ़ती थीं। हालाँकि दोनों जुड़वाँ थीं, फिर भी उनकी आदतें बिलकुल अलग थीं। फ़ाज़बी खाना खाने में बहुत आनाकानी करती, जबकि उसकी बहन बेमबेम हर प्रकार की सब्ज़ी और फल खाती। फ़ाज़बी को कभी-कभी माँ से डाँट पड़ती। दादी भी समझातीं, पर वह उनकी नसीहत को एक कान से सुनती और दूसरे से निकाल देती। उसे तो बाज़ार का 'फ़ास्ट फ़ूड' पसंद था।

**मौखिक प्रश्न**

1. जुड़वाँ बहनों का नाम क्या था?
2. दोनों की आदतें कैसी थीं?
3. फ़ाज़बी को माँ से डाँट क्यों पड़ती थी?

**शब्दार्थ**

जुड़वाँ = एक साथ पैदा हुए दो बच्चे (twins), आनाकानी = टाल-मटोल (to make excuses), नसीहत = सीख (advice), फ़ास्ट फ़ूड = बाज़ार का खाना; जैसे पिज़्ज़ा, बर्गर आदि (fast-food)



Scanned with CamScanner

एक बार फ़ाज़बी और बेमबेम को स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया। फ़ाज़बी चूँकि बीहू नृत्य बहुत अच्छा करती थी, इसलिए उसे मंच पर सबसे आगे रहना था। फ़ाज़बी को भी इन कार्यक्रमों में भाग लेना बहुत पसंद था। वह प्रतिदिन स्कूल समाप्त होने के बाद दो घंटे नृत्य का अभ्यास अवश्य करती, किंतु ढंग से भोजन न करने के कारण कमज़ोर रहने लगी। भूख लगने पर कभी पिज़्ज़ा, बर्गर, चाउमीन खाती, तो कभी कोल्ड ड्रिंक पीती। घर की बनी दाल, चावल, सब्ज़ी, मछली या दूध से तो वह कोसों दूर रहती। जबकि बेमबेम माँ द्वारा पकाया गया पौष्टिक भोजन ही करती।



बहुत अधिक परिश्रम करने और खाने के प्रति लापरवाही के कारण फ़ाज़बी बीमार हो गई। अब तो वह नृत्य भी नहीं कर पाती थी। उसके पिता उसे अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने जाँच करके बताया कि बहुत ज़्यादा पिज़्ज़ा, बर्गर, चाउमीन खाने से फ़ाज़बी का पेट खराब हो गया है। उसे दवा लेने के साथ-साथ पूरा आराम भी करना होगा। वह बहुत दुखी हुई, क्योंकि अब वह कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकती थी।

स्कूल से लौटकर बेमबेम फ़ाज़बी को हर बात बताती। वह कहती, "तुम्हारे न होने से सब मुझसे भी तुम जैसा अच्छा नृत्य करने की

**मौखिक प्रश्न**

1. फ़ाज़बी कमज़ोर क्यों रहने लगी?
2. भूख लगने पर बेमबेम क्या खाती थी?
3. फ़ाज़बी कार्यक्रम में भाग क्यों न ले सकी?

**शब्दार्थ**

सांस्कृतिक कार्यक्रम = संस्कृति से संबंधित प्रोग्राम (cultural programme), नृत्य = नाच (dance), पौष्टिक = सेहत बनाने वाला भोजन (healthy and balanced diet), परिश्रम = मेहनत (hard work)



Scanned with CamScanner



उम्मीद करते हैं।'' यह जानकर फ़ाज़बी और दुखी हो जाती। बीमारी के कारण तो वह ठीक से चल-फिर भी नहीं पाती थी, फिर नृत्य क्या करती? धीरे-धीरे वार्षिक उत्सव का दिन भी आ पहुँचा। उस दिन बेमबेम बहुत उत्साहित थी। शाम को जब उसके माता-पिता स्कूल जाने लगे, तो फ़ाज़बी ने भी उनके साथ जाने की ज़िद की। पिता जी ने बहुत मना किया। यह भी कहा कि इतनी देर बैठे रहने से उसकी तबीयत खराब हो जाएगी मगर फ़ाज़बी जाने की ज़िद पर अड़ी रही। आखिर उन्हें फ़ाज़बी को ले जाना ही पड़ा।

**शब्दार्थ**

उम्मीद = आशा (expectation), वार्षिक उत्सव = वर्ष में एक बार होने वाला जलसा (annual function)



Scanned with CamScanner

स्कूल का सांस्कृतिक कार्यक्रम तीन घंटे तक चला। प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने-अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। किंतु उसकी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया बीहू नृत्य सबसे अच्छा था। बेमबेम बीचोंबीच फ़ाज़बी वाली जगह पर नृत्य कर रही थी। सभी दर्शक जोर-ज़ोर से तालियाँ बजा रहे थे।

फ़ाज़बी का बदन भी नृत्य करते बच्चों की तरह ताल करता, थिरकता जा रहा था और हाथों से बज रही थीं तालियाँ! वह सोच रही थी कि यदि आज वह स्वस्थ होती, तो बड़े उत्साह से कार्यक्रम में हिस्सा लेती। साथ ही साथ उसे दादी की नसीहत याद आती रही— कुदरत की बनाई हर सब्ज़ी, फल का स्वाद चखो, सेहत बनाओ। तभी तन और मन दोनों चुस्त रहेंगे।

फ़ाज़बी को दादी की नसीहत का महत्व समझ आ गया था। वह भी बेमबेम की तरह माँ का बनाया पौष्टिक भोजन खाने लगी। अब वह सचमुच बदल गई थी।



**मौखिक प्रश्न**

1. बेमबेम ने कौन-सा नृत्य प्रस्तुत किया?
2. वार्षिक उत्सव के दिन फ़ाज़बी को दादी की क्या नसीहत याद आई?

**शब्दार्थ**

उत्साह = जोश, उमंग (zeal), कुदरत = प्रकृति (nature)



Scanned with CamScanner

# अभ्यास

## पाठ-ज्ञान

Comprehension
- MCQs
- Oral & written expression

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए** Tick (✓) the correct answer —

(क) फ़ाज़बी और बेमबेम कहाँ रहती थीं?

दिल्ली में ☐ चेन्नई में ☐ गुवाहाटी में ☑

(ख) दोनों बहनों की आदतें कैसी थीं?

एक जैसी ☐ बिलकुल अलग ☐ बहुत अच्छी ☐

(ग) फ़ाज़बी कौन-सा नृत्य अच्छा करती थी?

बीहू ☐ कत्थक ☐ मणिपुरी ☐

(घ) स्कूल के वार्षिक उत्सव में कौन भाग नहीं ले सकी?

फ़ाज़बी ☐ बेमबेम ☐ रमन्ना ☐

**2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए** Answer the Questions —

(क) फ़ाज़बी और बेमबेम कहाँ रहती थीं?

..........................................................................................................

..........................................................................................................

(ख) वे दोनों एक-दूसरे से किस तरह अलग थीं?

..........................................................................................................

..........................................................................................................

(ग) फ़ाज़बी बीमार कैसे पड़ गई?

..........................................................................................................

..........................................................................................................



Scanned with CamScanner

(घ) सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते समय फ़ाज़बी क्या सोच रही थी?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

(ङ) दादी ने फ़ाज़बी को क्या नसीहत दी थी? **(मूल्यपरक प्रश्न)**

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**3. एक या दो शब्दों में उत्तर लिखिए Answer in one or two words —**

(क) फ़ाज़बी और बेमबेम कौन थीं? ............ जुड़वाँ बहनें ............

(ख) वे दोनों किस कक्षा में पढ़ती थीं? ..............................

(ग) फ़ाज़बी कितने घंटे नृत्य का अभ्यास करती थी? ..............................

(घ) बेमबेम कैसा भोजन करती थी? ..............................

(ङ) अंत में फ़ाज़बी कैसा भोजन खाने लगी? ..............................



## शब्द-संपदा

**Vocabulary building**

**1. नीचे दिए गए शब्दों के एक-एक पर्यायवाची लिखिए Write synonyms of the following words —**

| | |
|---|---|
| नृत्य — ....... नाच ....... | नसीहत — .............. |
| विद्यार्थी — .............. | स्कूल — .............. |
| उत्सव — .............. | उत्साह — .............. |

**2. विलोम शब्द लिखिए Write the opposites (Antonyms) —**

| | |
|---|---|
| अच्छा × ....... बुरा ....... | पसंद × .............. |
| चुस्त × .............. | खत्म × .............. |
| स्वस्थ × .............. | कमज़ोर × .............. |



Scanned with CamScanner

3. **कुछ शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं, उन्हें अनेकार्थक शब्द कहते हैं। ये वाक्य पढ़िए—**

- फ़ाज़बी को कार्यक्रमों में भाग लेना बहुत पसंद था।
- पंद्रह को तीन से भाग कीजिए।
- बच्चे जूते पहनकर भाग गए।
- पहले झारखंड बिहार का ही एक भाग था।

यहाँ प्रत्येक वाक्य में 'भाग' का अर्थ अलग-अलग है।

**अब आप नीचे दिए गए शब्दों से इस प्रकार वाक्य बनाइए कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ Make sentences using the following words according to their different meanings —**

(क) हार → हारना, पराजय — ..........
→ माला — ..........

(ख) ताल → तालाब — ..........
→ सुर-ताल — ..........

(ग) उत्तर → जवाब — ..........
→ एक दिशा — ..........

4. **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए Write one word for many words —**

(क) जहाँ बच्चे पढ़ने जाते हैं — विद्यालय/पाठशाला
(ख) एक साथ पैदा हुए दो बच्चे — ..........
(ग) विद्या ग्रहण करने वाला — ..........
(घ) संस्कृति से संबंधित — ..........
(ङ) पोषण करने वाला — ..........
(च) वह स्थान, जहाँ रोगियों का इलाज होता है — ..........
(छ) देखने वाले लोग — ..........



Scanned with CamScanner

5. **श्रुतलेख लिखिए Listen and write —**

नसीहत   जुड़वाँ   उत्साहित   सांस्कृतिक   वार्षिक   नृत्य   परिश्रम   प्रस्तुत   हालाँकि



## भाषा-बोध

**Grammar Skills**

1. **इन वाक्यों को ध्यान से पढ़िए Read these sentences carefully —**

- फ़ाज़बी बीहू नृत्य बहुत अच्छा करती थी।
- सब मुझसे भी तुम जैसा अच्छा नृत्य करने की उम्मीद करते हैं।
- इतनी देर तक बैठे रहने से तुम्हारी तबीयत खराब हो जाएगी।

पहले वाक्य में काम हो चुका है। दूसरे वाक्य में काम चल रहा है। तीसरे वाक्य में काम किया जाएगा।

काम किस समय हुआ— इसके बारे में बताने का काम 'काल' करता है। ***काल*** तीन प्रकार के होते हैं—

| (क) ***भूतकाल*** | (ख) ***वर्तमानकाल*** | (ग) ***भविष्यतकाल*** |
|---|---|---|
| ↓ (कल) | ↓ (आज) | ↓ (कल) |
| (काम समाप्त हो गया।) | (काम हो रहा है।) | (काम किया जाएगा।) |

**अब नीचे लिखे वाक्यों में क्रिया को रेखांकित कर उसका काल लिखिए Underline the verbs in the following sentences and write the correct tense in front of it —**

(क) गुवाहाटी शहर में पान बाज़ार के पास दो बहनें रहती थीं। ............ भूतकाल

(ख) वे चौथी कक्षा में पढ़ती थीं। ............

(ग) गुवाहाटी भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित है। ............

(घ) प्रत्येक स्कूल में कंप्यूटर की शिक्षा अनिवार्य होगी। ............

(ङ) हमारे स्कूल में हर वर्ष 'खेल-दिवस' मनाया जाता है। ............

(च) लगता है, इस साल खूब बारिश होगी! ............



Scanned with CamScanner

**2. नीचे लिखे शब्दों में से विशेषण और विशेष्य अलग करके लिखिए Choose adjectives and nouns from the following words and write them under the correct column—**

वार्षिक उत्सव, जुड़वाँ बहनें, पौष्टिक भोजन, पूरा आराम, हरी सब्ज़ी, सभी दर्शक, स्वस्थ शरीर, चुस्त मन

| *विशेषण* | *विशेष्य* | *विशेषण* | *विशेष्य* |
|---|---|---|---|
| वार्षिक | उत्सव | ............ | ............ |
| ............ | ............ | ............ | ............ |
| ............ | ............ | ............ | ............ |
| ............ | ............ | ............ | ............ |
| ............ | ............ | ............ | ............ |

**3.** • एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देना • मन मसोसकर रह जाना

ये दोनों मुहावरे हैं।

'एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देना' का अर्थ है— अनसुना करना और 'मन मसोसकर रह जाना' का अर्थ है — अपनी इच्छाओं को दबाकर रखना।

**अब आप नीचे लिखे मुहावरों का अर्थ लिखिए और उनसे वाक्य बनाइए Write the meaning of the given idioms and make sentences —**

अगर-मगर करना, अपने पैरों पर खड़ा होना, कमर कसना, छक्के छुड़ाना

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................



## श्रवण/वाचन-कौशल का विकास

Listening/Speaking Skills

**हेमा मालिनी, सुधा चंद्रन, राजा-राधा रेड्डी, बिरजू महाराज आदि के सांस्कृतिक कार्यक्रम देखिए। आपने किस प्रकार के आनंद का अनुभव किया, दोस्तों को बताइए। उनकी प्रतिक्रिया सुनिए Watch cultural programmes of famous Indian Classical Dances. Talk about your experience. Exchange you views with classmates —**



Scanned with CamScanner

## आपकी कलम से

**Creative Expression**
- Cultural awareness
- Making sentences

**नीचे भारत के कुछ नृत्यों के चित्र दिए जा रहे हैं। प्रत्येक नृत्य के बारे में दो-तीन वाक्य लिखिए ( कहाँ का नृत्य है, कब और किस अवसर पर यह नृत्य किया जाता है ? आदि।)**

**Write two to three sentences about each dance form —**



..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................



..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

## खेल-खेल में

**Creative Activity**
- Collecting data
- Chart making

**भारत के प्रमुख नृत्यों से जुड़े कलाकारों के नाम पता कीजिए। चार्ट पर उनके चित्र चिपकाकर नाम लिखिए Find out the names of dancers associated with various Indian Dance Forms. Paste their pictures on the chart.**



Scanned with CamScanner

# 8 घुमक्कड़ कछुआ

**पठन से पूर्व**

हमारी यह विशाल पृथ्वी विचित्रताओं से भरपूर है। कहीं ऊँचे-ऊँचे पहाड़ हैं, तो कहीं सपाट धरती, कहीं रेतीले मैदान (मरुस्थल) हैं, तो कहीं गहरे सागर। आकाश और अंतरिक्ष भी कम विचित्र नहीं। इन्हें जानने के लिए मनुष्यों की तरह शायद पशु-पक्षियों की भी इच्छा होती होगी!

**चर्चा करें**

आकाश और समुद्र में दिखाई पड़ने वाली वस्तुओं की चर्चा करें; उनकी विशेषताएँ बताएँ। समुद्री इलाके (sea beach) किसने देखे हैं और उन्हें कैसा अनुभव हुआ है— बच्चों से बातचीत करें!

**जीवन-मूल्य**

प्राकृतिक सौंदर्य अवलोकन, विशाल समुद्र के बारे में जानकारी प्राप्त करना, उत्सुकता जगाना, भ्रमण-सुख तथा आनंदानुभव।



एक तालाब के किनारे दो हंस रहते थे। उसी तालाब में 'तारक' नाम का कछुआ रहता था। तीनों में बड़ी गहरी दोस्ती थी।

एक दिन तारक ने हंसों से कहा, "मुझे भी अपने साथ घुमाने ले चलो!" हंस किसी पेड़ की डाल से लकड़ी ले आए। कछुए ने लकड़ी को मुँह में दबा लिया। हंस कछुए को लेकर आकाश में उड़ चले।

तारक को दूर तक फैला आकाश और समुद्र बहुत अच्छा लगा। अचानक उसने समुद्र में पानी का एक ऊँचा फ़व्वारा उठता देखा। खुश होकर वह हँस पड़ा। जैसे ही उसका मुँह खुला, वह गहरे समुद्र में जा गिरा।

**मौखिक प्रश्न**

1. तारक कौन था और कहाँ रहता था?
2. तारक ने हंसों से क्या कहा?
3. हंस उसे अपने साथ कैसे लेकर गए?
4. फिर अचानक क्या हुआ?

**शब्दार्थ**

घुमक्कड़ = घूमने का शौकीन (one who loves travelling), समुद्र = सागर (sea, ocean)



Scanned with CamScanner



तारक चकित रह गया। वह तो एक दूसरे ही संसार में आ गया था। यहाँ तो चारों ओर पानी ही पानी था। अचानक उसे एक बहुत बड़ा कछुआ दिखाई दिया। वह बोला, "अरे भई, तुम कहाँ से आए हो? तुम्हारा नाम क्या है?"



कछुए ने कहा, "मेरा नाम तारक है। मैं दूर देश से सैर करने आया हूँ। आपका क्या नाम है?"

"मुझे 'हीरक' कहते हैं। मेरे साथ चलो, मैं तुम्हें समुद्र की सैर करा दूँगा।"

हीरक उसे अपने साथ ले गया।

"इसे देखो, तारक! यह ह्वेल है। यह हाथी से लगभग सौ गुणा बड़ी होती है। इसके पेट में एक ट्रक के बराबर खाना आ जाता है," हीरक ने बताया।

अचानक एक ओर से उछलती-कूदती और शोर मचाती मछलियों का एक झुंड आता दिखाई दिया। तारक ने घबराकर कहा, "अरे! ये कौन-सी मछलियाँ हैं?" हीरक ने बताया, "ये डॉलफ़िन हैं। इन्हें बातूनी मछलियाँ कहते हैं। कई बार इन्होंने

**मौखिक प्रश्न**

1. तारक हैरान क्यों हो गया?
2. हीरक कौन था?
3. ह्वेल के बारे में उसने क्या बताया?
4. 'डॉलफ़िन' की क्या विशेषता है?


**शब्दार्थ**

चकित = हैरान (astonished), संसार = दुनिया (world), बातूनी = जो ज़्यादा बोलता है (talkative)





Scanned with CamScanner



समुद्र में डूबते हुए लोगों को बचाया भी है।"

तारक ने बड़े-बड़े घोंघे, केकड़े, रंगीन मछलियाँ, पाँच कोने वाली सितारा मछली, झींगे और स्पंज देखे। एक ओर से आठ हाथों वाला ऑक्टोपस चला आ रहा था।

तारक बोला, "समुद्र तो अचरज से भरा पड़ा है।" हीरक उसे ऐसी मछलियाँ दिखाने ले गया, जिनकी आँखों से बहुत तेज़ रोशनी निकल रही थी। तारक खुशी से झूम उठा।

हीरक ने बताया, "कुछ मछलियाँ ऐसी भी होती हैं जिनसे बिजली के झटके लगते हैं। कई मछलियों की आकृति साँप और घोड़े जैसी भी होती है।"

तारक ने पूछा, "समुद्र का पानी तो बड़ा खारा है। क्या इस पानी के हरे-भरे पौधे भी नमकीन होते हैं?"

हीरक बोला, "नमक मिला होने से पानी तो खारा होता है, परंतु पौधे नमकीन नहीं होते। समुद्र के एक पौधे से तो चीनी से भी ज़्यादा मीठा पदार्थ बनाया जाता है।"

"अच्छा!" आश्चर्य से तारक ने कहा, "यहाँ के प्यारे-प्यारे जीव-जंतुओं, रंगीन मछलियों और सुंदर-सुंदर पौधों को देखकर जी करता है कि मैं यहीं रह जाऊँ। क्या मैं यहाँ रह सकता हूँ?"

हीरक बोला, "ज़रूर, तुम खुशी से यहाँ रहो।" तारक़ तब से गहरे समुद्र में रहने लगा।

### मौखिक प्रश्न

1. तारक ने समुद्र के भीतर क्या-क्या देखा?
2. हीरक ने उसे किन-किन खास मछलियों के बारे में बताया?
3. समुद्र का पानी कैसा होता है?

### शब्दार्थ

आकृति = आकार (form, shape), खारा = नमकीन (saline), पदार्थ = वस्तु (matter, thing), आश्चर्य = अचरज (surprise)



Scanned with CamScanner

# अभ्यास

## पाठ-ज्ञान

Comprehension
- MCQs
- Oral & written expression

**1. सही उत्तर पर ( ✓ ) का निशान लगाइए Tick (✓) the correct answer —**

(क) दो हंस कहाँ रहते थे?

गड्ढे में ☐ झील में ☑ तालाब के किनारे ☐

(ख) हंस कछुए को लेकर कहाँ चले?

नदी में ☐ समुद्र में ☐ आसमान में ☐

(ग) तारक समुद्र में कैसे जा गिरा?

हँसने से ☐ रोने से ☐ अधिक बोलने से ☐

(घ) तारक समुद्र में पहुँचकर चकित रह गया क्योंकि—

- वहाँ चारों ओर पानी ही पानी था ☐
- उसे धरती नहीं दिखाई दे रही थी ☐
- वह बिलकुल अनजान जगह थी ☐

**2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए Answer the Questions —**

(क) गहरे समुद्र में गिरने पर तारक को कौन मिला?

..........................................................................................

..........................................................................................

(ख) तारक ने बड़े कछुए से क्या कहा?

..........................................................................................

..........................................................................................



Scanned with CamScanner

(ग) कौन-सा जीव हाथी से कई गुणा बड़ा होता है?

..............................................................................................................

(घ) तारक ने समुद्र में और कौन-कौन-से जीव देखे?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

(ङ) समुद्र के भीतर जीव-जंतुओं के अनोखे संसार के बारे में पढ़कर आपको कैसा लगा? *(मूल्यपरक प्रश्न)*

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**3. वाक्य पढ़कर सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए Tick (✓) or cross (✗) —**

(क) जैसे ही तारक का मुँह खुला, वह गहरे समुद्र में जा गिरा। [✓]

(ख) ह्वेल के पेट में एक रोटी के बराबर खाना आ जाता है। [ ]

(ग) ऑक्टोपस के आठ हाथ होते हैं। [ ]

(घ) कुछ मछलियों से बिजली के झटके भी लगते हैं। [ ]

(ङ) कई मछलियों की आकृति छिपकली और चिड़िया जैसी होती है। [ ]

(च) समुद्र के एक पौधे से मीठा पदार्थ बनाया जाता है। [ ]



## शब्द-संपदा

**Vocabulary building**

**1. विलोम शब्द लिखिए Write opposites (Antonyms) —**

गहरा × ........उथला........

दोस्ती × ..............................

अच्छा × ..............................

तेज़ × ..............................

नमकीन × ..............................

ज़्यादा × ..............................

दूर × ..............................

देश × ..............................



Scanned with CamScanner

2. **कोष्ठक में दिए शब्दों के समानार्थी शब्द से वाक्यों के खाली स्थान भरिए Fill in the blanks with the synonyms —**

(क) हंसों और कछुए में गहरी ……… दोस्ती ……… थी। (मित्रता)

(ख) तारक को दूर तक फैला ……………… बहुत अच्छा लगा। (आसमान)

(ग) तारक एक दूसरी ही ……………… में आ गया था। (संसार)

(घ) ……………… तो अचरज से भरा है। (सागर)

(ङ) नमक मिला होने से ……………… तो बड़ा खारा होता है, किंतु पौधे नमकीन नहीं होते। (जल)

3. **बाईं ओर दिए 'र' के रूपों से दो-दो शब्द बनाइए Make two words with each form of 'र' —**

| | | | |
|---|---|---|---|
| र = र् + अ | ……… सैर ……… | ……………… | ……………… |
| र्‍ = र – अ | ……… पदार्थ ……… | ……………… | ……………… |
| ्र = र् + अ | ……… समुद्र ……… | ……………… | ……………… |
| ्र = र् + अ | ……… ट्रक ……… | ……………… | ……………… |



## भाषा-बोध

**Grammar Skills**

1. **नीचे लिखे संज्ञा शब्दों को उनके भेद के अनुसार व्यक्तिवाचक संज्ञा अथवा जातिवाचक संज्ञा के वर्ग में लिखिए Put proper nouns and common nouns in their respective columns —**

समुद्र, तारक, कछुआ, ह्वेल, चेन्नई, ऑक्टोपस, हीरक, मछलियाँ, तालाब, डल लेक, हिमालय, हंस, घोंघे, हिंद महासागर, दिल्ली, भारत

(क) ***व्यक्तिवाचक संज्ञा :*** तारक, ………………………………………………

………………………………………………………………………………

(ख) ***जातिवाचक संज्ञा :*** मछलियाँ, ………………………………………………

………………………………………………………………………………



Scanned with CamScanner

2. **यह वाक्य पढ़िए Read this sentence —**

- यहाँ के प्यारे-प्यारे जीव-जंतुओं, रंगीन मछलियों और सुंदर-सुंदर पौधों को देखकर जी करता है कि यहीं रह जाऊँ।

इस वाक्य में 'प्यारे-प्यारे' शब्द जीव-जंतुओं की, 'रंगीन' शब्द मछलियों की और 'सुंदर-सुंदर' पौधों की विशेषता बता रहे हैं। ये विशेषण हैं।

**अब आप नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण छाँटकर अलग लिखिए Now select adjectives from the given sentences and write in the space given —**

(क) समुद्र का पानी तो बड़ा खारा है। ..................

(ख) तीनों में गहरी दोस्ती थी। ..................

(ग) आँखों से तेज़ रोशनी निकाल रही थी। ..................

(घ) एक तालाब के किनारे दो हंस रहते थे। ..................

(ङ) अचानक तारक ने समुद्र में पानी का एक ऊँचा फ़व्वारा उठता देखा। ..................

3. **वचन बदलकर लिखिए Write the plurals —**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मछली — | मछलियाँ | केकड़ा — | केकड़े |
| तितली — | .................. | पौधा — | .................. |
| नदी — | .................. | घोड़ा — | .................. |
| डाली — | .................. | झींगा — | .................. |

4. **उचित कारक चिह्नों से खाली स्थान भरिए Fill in the blanks with the correct case —**

से, ने, की, अरे, में, के

(क) वह तो एक दूसरे ही संसार में आ गया था।

(ख) मैं दूर देश .................. सैर करने आया हूँ।

(ग) एक तालाब .................. किनारे दो हंस रहते थे।

(घ) कई मछलियों .................. आकृति साँप और घोड़े जैसी भी होती है।

(ङ) ~~..................! ये कौन-सी मछलियाँ हैं?~~

(च) तारक .................. बड़े-बड़े घोंघे, केकड़े, रंगीन मछलियाँ, झींगे, स्पंज आदि देखे।



Scanned with CamScanner

## श्रवण/वाचन-कौशल का विकास

**Listening/Speaking Skills**

'एनिमल प्लैनेट' या 'नेशनल ज्योग्रैफ़िक चैनल' पर विभिन्न समुद्री जीवों को देखिए। फिर उनके बारे में अपनी सहपाठियों को बताइए **Watch various Sea Animals on Animal Planet or National Geographic Channel. Talk about them with your classmates.**

## आपकी कलम से

**Creative Expression**
- Imagination
- Making sentences

मान लीजिए कि आपने सपने में दो अनोखे जीव देखे। यदि वे जीव वास्तव में आपके सामने आ जाएँ, तो क्या होगा? अपनी प्रतिक्रिया पाँच से छह वाक्यों में लिखिए **Imagine that you have seen two strange beings in your dreams. What will happen if they suddenly appear? Write five to six sentences about your reaction —**

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

## खेल-खेल में

**Creative Activity**
- Analytical thinking
- Word-puzzle

वर्ग-पहेली से ढूँढ़कर लिखिए — कौन कहाँ रहता है? **Solve the riddle.**

| पानी में | पेड़ पर | धरती पर |
|---|---|---|
| .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आँ | गैं | हा | थी | बं | क |
| क्टो | डा | ह्वे | ल | द | जि |
| प | झीं | म | ग | र | रा |
| स | गा | य | स | ब | फ़ |
| तो | ता | गौ | रै | या | ध |



Scanned with CamScanner